
Aapka Faisla Dt. 07-09-2026

# D.El.Ed. छात्रों के लिए बड़ा मौका, अक्टूबर में होगी री-अपीयर परीक्षा, 5 सितंबर से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने D.El.Ed. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) पार्ट-1 और पार्ट-2 के उन छात्रों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें परीक्षा पास करने के लिए दूसरे मौके की तलाश थी। बोर्ड ने आगामी अक्टूबर 2026 में होने वाली री-अपीयर (द्वितीय अवसर) परीक्षा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके लिए 5 सितंबर से प्रवेश-पत्र भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जो 14 सितंबर तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के लिए पात्र छात्र अपने संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ही आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा D.El.Ed. Part-I और Part-II की री-अपीयर परीक्षा के लिए 1,350 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों को अपना परीक्षा शुल्क और प्रवेश-पत्र तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से ही प्रेषित करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने छात्रों और शिक्षण संस्थानों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थानों से भी आग्रह किया है कि वे पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भेजना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी छात्र का साल खराब न हो। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि 14 सितंबर की अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरांत किसी भी स्थिति में कोई भी नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड परीक्षार्थियों की सुविधा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है। छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए परीक्षा संबंधी पूरी प्रणाली को लगातार सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे इस दूसरे अवसर का लाभ उठाने के लिए अंतिम दिन का इंतजार किए बिना समय पर अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।



Anant Gyan Dt. 07-09-2026

# डीएलएड छात्रों के लिए बड़ा मौका अक्तूबर में होगी री-अपीयर परीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) पार्ट-1 और पार्ट-2 के उन छात्रों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें परीक्षा पास करने के लिए दूसरे मौके की तलाश थी। बोर्ड ने अक्ततूबर माह में होने वाली री-अपीयर (द्वितीय अवसर) परीक्षा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके लिए 5 सितंबर से प्रवेश-पत्र भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जो 14 सितंबर तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए पात्र छात्र अपने संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ही आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा डीएलएड पार्ट-I और पार्ट-II की री-अपीयर परीक्षा के लिए 1,350 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों को अपना परीक्षा शुल्क और प्रवेश-पत्र तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से ही प्रेषित करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने छात्रों और शिक्षण संस्थानों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थानों से भी आग्रह किया है कि वे पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भेजना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी छात्र का साल खराब न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 सितंबर की अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरांत किसी भी स्थिति में कोई भी नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे इस दूसरे अवसर का लाभ उठाने के लिए अंतिम दिन का इंतजार किए बिना समय पर अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

**◆ प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल**

Divya Himachal Dt.
07-09-2026

# डीएलएड छात्रों को मौका अक्तूबर में री-अपीयर एग्जाम

नगर संवाददाता – धर्मशाला

■ पांच सितंबर से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) पार्ट-1 और पार्ट-2 के उन छात्रों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें परीक्षा पास करने के लिए दूसरे मौके की तलाश थी। बोर्ड ने अक्तूबर में होने वाली री-अपीयर (द्वितीय अवसर) परीक्षा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके लिए पांच सितंबर से प्रवेश-पत्र भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जो 14 सितंबर तक चलेगी। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए पात्र छात्र अपने संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ही आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा डीएलएड पार्ट-1 और पार्ट-2 की री-अपीयर परीक्षा के लिए 1,350 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों को अपना परीक्षा शुल्क और प्रवेश-पत्र तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से ही प्रेषित करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने छात्रों और शिक्षण संस्थानों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने संबंधित शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया है कि वे पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भेजना सुनिश्चित करें।

# Himachal Dastak Dt.07-09-26

## डीएलएड री-अपीयर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 सितंबर तक

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) पार्ट-1 और पार्ट-2 के उन छात्रों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने आगामी अक्तूबर में होने वाली री-अपीयर (द्वितीय अवसर) परीक्षा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके लिए प्रवेश पत्र भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया 14 सितंबर तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए पात्र छात्र अपने संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ही आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा डीएलएड पार्ट-1 और पार्ट-2 की री-अपीयर परीक्षा के लिए 1,350 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों को अपना परीक्षा शुल्क और प्रवेश-पत्र तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से ही प्रेषित करना होगा।

**Dainik Jagran Dt. 07-09-2026**

# डीएलएड की री-अपीयर परीक्षा अगले माह, 14 तक करें आवेदन

**स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल, 1350 होगा परीक्षा शुल्क, संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ही करना होगा आवेदन**

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) पार्ट-1 और पार्ट-2 के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। जिन छात्रों को परीक्षा पास करने के लिए दूसरे मौके की आवश्यकता थी, उनके लिए अक्टूबर 2026 में री-अपीयर (द्वितीय अवसर) परीक्षा का आधिकारिक शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा के लिए पांच सितंबर से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है और 14 सितंबर तक चलेगी।


बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पात्र छात्र संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। डीएलएड पार्ट-एक और पार्ट-दो की री-अपीयर परीक्षा के लिए 1,350 रुपये का शुल्क निर्धारित किया है। छात्रों को परीक्षा शुल्क और प्रवेश-पत्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर आनलाइन माध्यम से जमा करना होगा। डा. राजेश ने छात्रों और शिक्षण संस्थानों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र समय पर भेजें।

SEPTEMBER 07, 2026 MONDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HPBOSE GIVES D.EL.ED. TRAINEES A SECOND SHOT TO SAVE THEIR ACADEMIC YEAR

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



Trainee elementary teachers in Himachal Pradesh have a crucial lifeline, but the clock is ticking fast. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has opened registrations for the upcoming D.El.Ed. Part-1 and Part-2 re-appear exams scheduled for October 2026, offering students who stumbled on their initial attempt one clean shot to clear their papers and save their academic year.

The online registration window officially swung open on September 5 and slams shut on September 14. Candidates cannot apply independently; every application alongside the mandatory ₹1,350 exam fee must be routed directly through their respective educational institutions. HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma warned that the deadline is rigid, confirming the board will reject any late submissions outright. Urging colleges and candidates to bypass the typical last-minute rush, the board stressed that swift compliance is essential to keep administrative pipelines seamless and ensure no eligible teacher-trainee loses precious academic ground.